# बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना

विज्ञप्ति संख्या – पी0आर0 237/2023

## बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा आयोजित वार्षिक माध्यमिक परीक्षा, 2023 के मेधावी छात्र/छात्राओं के लिए इंजीनियरिंग तथा मेडिकल (JEE/NEET प्रतियोगिता परीक्षा) की तैयारी के लिए आवासन सहित निःशुल्क शिक्षण, निःशुल्क आवासन एवं अन्य व्यवस्था प्रदान करने के संबंध में आवश्यक सूचना

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्षिक माध्यमिक परीक्षा, 2023 के कुछ मेधावी छात्र/छात्राओं (सीमित संख्या में) को उनकी रूचि के अनुसार इंजीनियरिंग तथा मेडिकल प्रतियोगिता परीक्षा (JEE/NEET इत्यादि) की तैयारी के लिए बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा निःशुल्क कोचिंग, आवासन एवं अन्य व्यवस्था की जा रही है। समिति की इस निःशुल्क योजना के तहत छात्रों के लिए पटना कॉलेजिएट स्कूल, पटना एवं छात्राओं के लिए बांकीपुर गर्ल्स हाई स्कूल, बांकीपुर, पटना का निर्धारण किया गया है। चयनित छात्र/छात्राओं का इंटरमीडिएट (विज्ञान) की कक्षा में इन्हीं विद्यालयों में नामांकन भी कराया जाएगा।

2. इस योजना में कुछ विद्यार्थियों का चयन लिखित परीक्षा (Written Test) एवं साक्षात्कार (Interview) के आधार पर भी किया जाना है। अतः इस हेतु वैसे छात्र/छात्राएँ, जिन्हें गणित (Mathematics) विषय में न्यूनतम 80 अंक एवं विज्ञान (Science) विषय में न्यूनतम 80 अंक तथा दोनों विषयों को मिलाकर 200 अंकों में कम–से–कम 170 अंक प्राप्त हो, वे इस योजना के अंतर्गत अपनी रूचि के अनुसार इंजीनियरिंग (JEE) अथवा मेडिकल (NEET) के निःशुल्क कोचिंग में नामांकन के लिए अपना ऑनलाईन आवेदन समिति की वेबसाईट **coaching.biharboardonline.com** पर **दिनांक 14.08.2023 के अपराह्न 05:00 बजे से 21.08.2023 की रात्रि 12:00 बजे तक** समर्पित कर सकते हैं, जिसके लिए सौ (100) रूपये आवेदन शुल्क देय होगा। उक्त अवधि में आवेदन करने वाले विद्यार्थियों में से Written Test हेतु विद्यार्थियों की Shortlisting की जाएगी तथा Shortlisted विद्यार्थियों का प्रवेश–पत्र (Admit Card) **दिनांक 23.08.2023** को जारी किया जाएगा तथा **दिनांक 27.08.2023** को रिक्त सीटों पर नामांकन के लिए लिखित परीक्षा का आयोजन किया जाएगा, जिसके संबंध में विवरणी प्रवेश–पत्र में उपलब्ध रहेगा।

3. <u>समिति की इस योजना के प्रमुख बिंदु निम्नलिखित हैं :–</u>

**(i)** इस योजना के तहत चयनित छात्र/छात्राओं को अनुभवी, कुशल एवं योग्य शिक्षकों के द्वारा इंजीनियरिंग (JEE) अथवा मेडिकल (NEET) प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी निःशुल्क करायी जाएगी।

**(ii)** छात्र के लिए पटना कॉलेजिएट स्कूल, पटना तथा छात्रा के लिए बांकीपुर गर्ल्स हाई स्कूल, बांकीपुर, पटना में निःशुल्क आवासन हेतु हॉस्टल के साथ बेड, कुर्सी–टेबुल, बुकशेल्फ इत्यादि की व्यवस्था निःशुल्क रहेगी।

**(iii)** चयनित छात्र/छात्रा को इन छात्रावासों में आवासन की अवधि में निःशुल्क सुबह का नाश्ता, दोपहर का भोजन, संध्याकालीन अल्पाहार तथा रात्रि भोजन की व्यवस्था भी की जाएगी।

**(iv)** चयनित क्षेत्र से संबंधित विषय के पठन–पाठन सामग्री/कोर्स मैटेरियल भी निःशुल्क उपलब्ध कराये जायेंगे।

**(v)** जिन विद्यार्थियों का चयन **23.08.2023** को आयोजित होने वाले Written Test तथा तत्पश्चात् Interview के आधार पर किया जाएगा, उन विद्यार्थियों ने अब तक जिस स्कूल/कॉलेज में I.Sc में नामांकन कराया है वहां से इनके T.C की व्यवस्था समिति द्वारा की जाएगी तथा T.C के पश्चात इन विद्यार्थियों का नामांकन पटना कॉलेजिएट स्कूल, पटना तथा छात्राओं का नामांकन बांकीपुर गर्ल्स हाई स्कूल, बांकीपुर, पटना में ही इंटरमीडिएट (विज्ञान) की कक्षा में निःशुल्क कराया जाएगा।

**4.** अतः इस योजना के तहत रिक्त सीटों पर आवेदन करने हेतु इच्छुक विद्यार्थियों को सूचित किया जाता है कि वे समिति की वेबसाईट **coaching.biharboardonline.com** पर **दिनांक 14.08.2023 के अपराह्न 05:00 बजे से 21.08.2023 की रात्रि 12:00 बजे तक** आवेदन समर्पित कर सकते हैं।

## आवेदन करने की प्रक्रिया :–

**URL - coaching.biharboardonline.com, Step- 01** Home Page पर दिए गए Student Registration Button पर Click करें। **Step- 02** यहां पर दिए गए Instructions को ध्यानपूर्वक पढ़कर Accept करें। **Step- 03** Registration Panel पर दिए गए BSEB Unique ID अथवा Roll Code एवं Roll Number डालकर अपना Eligibility Check कर अपना Credential (User ID एवं Password) प्राप्त करें। **Step- 04** अपने Log In Credential प्राप्त कर Log In करें। फिर Form Fill-up करें। **Step- 05** अपने द्वारा भरे गए Form को Save और Preview करें। **Step- 06** Payment Button पर Click कर अपना भुगतान Reciept प्राप्त करें।

**सचिव**